आर0एन0 विश्वकर्मा
पी0ई0एस0

जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज

पत्रांक / सी.बी.एस.ई. / /2021–22 दिनांक: 24 सितम्बर, 2021

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
2--कम्युनिटी सेन्टर, प्रीत विहार
दिल्ली–110092।

विषय: **सेन्ट्रल एकेडमी (स्कॉलर्स एजुकेशन ट्रस्ट ऑफ इंडिया) द्वारा अधिगृहीत माउंट लिटेरा जी स्कूल (संचालित शिक्षा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा) सर्फुद्दीनपुर, सराय इनायत, प्रयागराज को संस्था संचालित करने के लिए अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, निदेशक, सेन्ट्रल एकेडमी, सर्फुद्दीनपुर, सराय इनायत, प्रयागराज ने अपने पत्र दिनांक 20.09.2021 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया है कि *"सोसाइटी स्कॉलर्स एजुकेशन ट्रस्ट ऑफ इंडिया को सरफेसी एक्ट 2002 के तहत उच्चतम बोली के आधार पर दिनांक 27.08.2021 को बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सेल सर्टिफिकेट जारी किया गया। शिक्षा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित माउंट लिटेरा जी स्कूल को बैंक ऑफ इंडिया, लोहटिया, वाराणसी शाखा द्वारा लोन दिया गया था, जिसकी अदायगी न कर पाने के कारण बैंक ने पहले स्कूल को अपने कब्जे में लिया और नीलामी करके हमारी सोसाइटी **"स्कालर्स एजुकेशन ट्रस्ट ऑफ इंडिया"** जो सेंट्रल एकेडमी नाम से संस्था संचालित करती है, को सेल सर्टिफिकेट के आधार पर दिनांक 31.08.2021 को भौतिक कब्जा प्रदान कर दिया। तत्पश्चात दिनांक 16.09.2021 को निबंधक कार्यालय फूलपुर में सोसाइटी के पक्ष में रजिस्ट्री की गई और हमारे सोसाइटी वहां पर सेंट्रल एकेडमी के नाम से संस्था संचालित कर रही है। यह विषय केवल सोसाइटी के हस्तांतरण का है बाकी सभी बातें पहले जैसी हैं। अतः उपरोक्त सन्दर्भ में निवेदन है कि विद्यार्थियों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए हमारी सोसाइटी को इस परिसर में संस्था संचालित करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।"*

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि प्रश्नगत विद्यालय माउंट लिटेरा जी स्कूल जिसकी सम्बद्धता दिनांक 31.03.2026 तक है, को सेन्ट्रल एकेडमी नाम परिवर्तित करते हुए संचालित किये जाने के सम्बन्ध में दिशानिर्देश / मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: उक्तवत्।

भवदीय

(आर0एन0 विश्वकर्मा)
जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज।

पृ0सं0 / सी.बी.एस.ई. / 5511-13 /2021–22 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. क्षेत्रीय अधिकारी, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, प्रयागराज।
2. श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, निदेशक, सेन्ट्रल एकेडमी, सर्फुद्दीनपुर, सराय इनायत, प्रयागराज।

24.09.2021

(आर0एन0 विश्वकर्मा)
जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज।